**रिक्ति अधिसूचना संदर्भ सं. सीएसएल/पीएण्डए/ भर्ती/ स्थायी/ पर्यवेक्षक/2021/4 दिनांक 23 नवंबर 2021**

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, भारत सरकार का एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनिरत्न कंपनी, योग्यता अपेक्षाएं रखने वाले उम्मीदवारों से निम्नलिखित पर्यवेक्षी पदों को भरने के लिए **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है।

**क. पद का नाम, शैक्षिक योग्यता व अनुभव**

| क्र सं. | पद का नाम, ग्रेड, और रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 1 | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)<br>3 पद<br>(2 अनारक्षित, 1 अ.पि.व.) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा । योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इलेक्ट्रिकल कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष इलेक्ट्रिकल कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>इलेक्ट्रीशन के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इलेक्ट्रिकल कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 2 | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स)<br>1 पद (अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इलेक्ट्रिकल कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष इलेक्ट्रिकल कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>इलेक्ट्रॉनिक मेकानिक के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इलेक्ट्रॉनिक्स कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 3 | सहायक इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन)<br>2 पद (अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ इंस्ट्रूमेंटेशन व कंट्रोल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/अपलाइड इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इंस्ट्रूमेंटेशन कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष इंस्ट्रूमेंटेशन कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए। |

| क्र सं. | पद का नाम, ग्रेड, और रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| | | **या**<br>इंस्ट्रूमेंट मेकानिक के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इंस्ट्रूमेंटेशन कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 4 | सहायक इंजीनियर (वेल्डिंग)<br>20 पद<br>(10 अनारक्षित, 6 अ.पि.व.*, 2अ.जा.*, 2 ईडब्ल्यूएस)<br><br>**3 अ.पि.व बैकलॉग*<br>**1 अ.जा. बैकलॉग* | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में वेल्डिंग कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष वेल्डिंग कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>वेल्डर के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में वेल्डिंग कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 5 | सहायक इंजीनियर (स्ट्रक्चरल)<br>10 पद<br>(5 अनारक्षित, 3 अ.पि.व.*, 1 अ.जा., 1 ईडब्ल्यूएस)<br><br>**1 अ.पि.व बैकलॉग* | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में स्ट्रक्चरल फिट्टिंग कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष स्ट्रक्चरल कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>शीट मेटल वर्कर के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में स्ट्रक्चरल फिट्टिंग कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 6 | सहायक इंजीनियर (पाइप)<br>15 पद<br>(9 अनारक्षित, 4 अ.पि.व.*, 1 अ.जा.*, 1 ईडब्ल्यूएस)<br><br>**1 अ.पि.व बैकलॉग*<br>**1 अ.जा. बैकलॉग* | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में पाइप फिट्टिंग कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष पाइपिंग कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>फिट्टर पाइप/ प्लंबर के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में पाइप फिट्टिंग कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 7 | सहायक इंजीनियर | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल इंजीनियरिंग में तीन |

| क्र सं. | पद का नाम, ग्रेड, और रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| | (इंजीनियरिंग)<br>3 पद<br>(2 अनारक्षित, 1 अ.पि.व.) | वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में मशीनरी इंजीनियरिंग कार्यों में सात वर्ष अनुभव, जिसमें से 2 इंजीनियरिंग कार्यों और कामगार के पर्यवेक्षण ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>मेकानिक डीज़ल के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में मशीनरी इंजीनियरिंग कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 8 | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल क्रेन)<br>2 पद (अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग/ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ इंस्ट्रूमेंटेशन व कंट्रोल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ अपलाइड इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में स्ट्रक्चरल फिट्टिंग कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, जिसमें से 2 वर्ष पर्यवक्षी ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>इलेक्ट्रीशन/ इलेक्ट्रॉनिक मेकानिक /इंस्ट्रूमेंट मेकानिक के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में इलेक्ट्रिकल क्रेन कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 9 | सहायक इंजीनियर (पेंटिंग)<br>2 पद<br>(1 अनारक्षित, 1 अ.पि.व.) | (I) क) रसायन विज्ञान में डिग्री या राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इंजीनियरिंग के किसी भी शाखा में तीन वर्षीय डिप्लोमा ।<br>ख) एनएसीई या फ्रोसियो स्तर-I निरीक्षक योग्यता।<br>ग) योग्यता प्राप्त करने के बाद, शिपयार्ड या डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी प्रतिष्ठान में पेंटिंग के काम में सात साल का अनुभव।<br>**या**<br>(II) पेंटर के ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) और शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थापन में पेंटिंग कार्यों में 22 साल का अनुभव हो । |
| 10 | लेखाकार | क) एमकोम के साथ स्नातक और योग्यता प्राप्त करने के |

| क्र सं. | पद का नाम, ग्रेड, और रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| | 2 पद (अनारक्षित) | बाद, सरकारी विभाग/ सार्वजनिक या निजी क्षेत्र उपक्रम में वित्त /लेखाकरण में सात सालों का अनुभव।<br>**या**<br>ख) सीए/ सीएमए इंटरमीडिएट परीक्षा में पास होने के साथ स्नातक और सरकारी विभाग / सार्वजनिक या निजी क्षेत्र उपक्रम में वित्त / लेखाकरण में पाँच सालों का अनुभव हो ।<br><br>उपर्युक्त क) और ख) अनुभव में से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए। कंप्यूटरीकृत पर्यावरण में काम करने का अनुभव एक अतिरिक्त योग्यता होगी। |
| 11 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी<br>1 पद (अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**अनिवार्य:-**<br>क) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (कला स्नातक, विज्ञान स्नातक, व्यावसायिक प्रबंधन में स्नातक, कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातक, वाणिज्य में स्नातक) से न्यूनतम 60% अंकों के साथ 3 वर्ष की उपाधि<br>**या**<br>राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 60% अंकों के साथ वाणिज्यिक कार्य/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी में 3 वर्ष का डिप्लोमा।<br>**वांछनीय :-**<br>कंप्यूटर एप्लिकेशनों जैसे एसएपी, एमएस प्रोजक्ट, एमएस ऑफिस आदि में प्रवीणता।<br>**अनुभव**<br>**अनिवार्य:-**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• सार्वजनिक कंपनी या<br>• निजी कंपनी या<br>• वाणिज्यिक संगठन या<br>• बैंक/बीमा कंपनी या<br>• सरकारी/अर्ध-सरकारी/बोर्ड/कंपनी/संस्थान<br><br>के मानव संसाधन या कार्मिक विभाग या संस्थान या प्रशासनिक अनुभाग में ईआरपी प्रणाली का अद्यतन, कंप्यूटरीकृत विवरण प्रविष्टि, रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट की तैयारी, फाइल, पंजी और रिकॉर्डों का रखरखाव में सात वर्षों का अनुभव । |

| क्र सं. | पद का नाम, ग्रेड, और रिक्तियों की संख्या | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| | | उपरोक्त अनुभव में से, दो वर्ष पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :-**<br>मानव संसाधन, समय/ छुट्टी/ पारी/ ऑवरटाइम प्रबंधन से संबंधित मामलों में अनुभव। |
| 12 | सहायक इंजीनियर (सूचना प्रौद्योगिकी)<br>1 पद (अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**अनिवार्य:-**<br>क) एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करते हुए कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर अनुप्रयोग में तीन साल की उपाधि उत्तीर्ण।<br>**या**<br>ख) एक तकनीकी शिक्षा राज्य बोर्ड से न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करते हुए कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में तीन साल की डिप्लोमा उत्तीर्ण ।<br>**वांछनीय :-**<br>नेटवर्किंग / सिस्टम प्रबंधन पर प्रतिष्ठित एजेंसियों या संगठनो से वैध प्रमाणीकरण।<br>**अनुभव :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद किसी सरकारी/ अर्ध-सरकारी कंपनी या संस्थापना/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ निजी कंपनी के आईटी विभाग/ अनुभाग में सात साल का अनुभव, जिसमें से दो साल पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए। |

***बैकलॉग रिक्तियां**

**उपरोक्त 62 पदों में से 3 पद बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए निर्धारित किए गए हैं। पहचाने गए विस्तृत शारीरिक आवश्यकताएं और श्रेणियां खंड ङ(ख) में हैं।**

## ख. वेतनमान और लाभ:

क) ग्रेड और वेतनमान: -

| ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|
| पीएस -I | ₹ 28000-3%-110000 |

ख) आज की तारीख में मासिक परिलब्धियां:-

| क्र.सं. | वेतन प्रकार | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | मूल वेतन | ₹ 28000 |
| 2 | महंगाई भत्ता (वर्तमान में 27.20%) | ₹ 7616 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | कोच्ची में मकान किराया भत्ता (वर्तमान में 18%) | ₹ 5040 |
| 4 | अनुलब्धियां व भत्ते (35%) | ₹ 9800 |
| **कुल** | | **₹ 50456** |

ग) अन्य लाभों में सेवानिवृत्ति पेंशन (एनपीएस), अंशदायी भविष्य निधि योजना, दुर्घटना बीमा कवरेज, अंशदायी चिकित्सा बीमा पॉलिसी के तहत चिकित्सा व्यया की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण, निष्पादन भुगतान, स्वीकार्य के रूप में अन्य भत्ते आदि शामिल हैं।

घ) चयनित उम्मीदवारों को न्यूनतम वेतनमान में रखा जाएगा और वेतन संरक्षण पर विचार नहीं किया जाएगा।

## ग. आयु :

क) **पद केलिए अधिकतम आयु सीमा दि. 20 दिसंबर 2021 के अनुसार 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए, यानी आवेदकों का जन्म दिनांक 21 दिसंबर 1976 को या उसके बाद होना चाहिए।** उम्मीदवारों केलिए आरक्षित पदों में अ.पि.व (गैर क्रीमी लेयर) केलिए अधिकतम आयु सीमा में 3 साल और अ.जा/अ.ज.जा. उम्मीदवारों केलिए 5 साल की छूट है। सीएसएल के नियमित रोजगार वाले आवेदकों केलिए अधिकतम आयु सीमा में दो साल की छूट दी जाएगी।

ख) बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) और भूतपूर्व सैनिकों केलिए आयु में छूट भारत सरकार के मार्ग निर्देशों के अनुसार दी जाएगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट लगाने के बाद आयु सीमा 50 वर्ष से अधिक न हो।

## घ. चयन की रीति:

क) चयन की रीति में निम्नलिखित शामिल होगा:-

**(i) चरण I - ऑनलाइन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार - 40 अंक और विवरणात्मक प्रकार - 40 अंक )**
**(ii) चरण II - कार्य अनुभव पर पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण (20 अंक)**

ख) वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा केलिए प्रश्न पत्र 45 **मिनिट तक** है और इसके दो भाग है- सामान्य (भाग क) और शाखा से संबंधित (भाग ख)। भाग क में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, तर्क और मात्रात्मक योग्यता शामिल हैं। विवरणात्मक प्रकार की लिखित परीक्षा 40 अंकों की होगी, 90 मिनट की अवधि में विषय आधारित प्रश्न शामिल होंगे। वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा प्रश्न पत्र के पैटर्न, प्रश्नों की संख्या और अंकों का आंबटन नीचे दिया जाता है:

| प्रत्येक भागों में प्रश्नों की संख्या/ प्रति भाग अंक * | | | | | वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा केलिए कुल प्रश्न / अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान | सामान्य अंग्रेजी | तर्क | मात्रात्मक योग्यता | शाखा संबंधी | |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 20 | 40 |

* हर एक प्रश्न केलिए एक अंक होगा। नेगटीव अंक नहीं होगा।

ग) ऑनलाइन आवेदन की संख्या के आधार पर, चरण 1 कोच्ची में या केरल में किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा जैसा कि सीएसएल द्वारा तय किया गया है और या ऑनलाइन के माध्यम से । परीक्षा केंद्र का आवंटन सीएसएल के विवेकाधिकार से होगा।

घ) सभी पदों केलिए चरण -I में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। अगर एक से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होता है तो, वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा के विषय भाग में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के क्रम को निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद टाई के मामले में, उम्र की वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता तय की जाएगी ।

ङ) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा और विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा में नीचे दिए गए अनुसार न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए विचार किया जाएगा।

सामान्य उम्मीदवार – प्रत्येक परीक्षा के कुल अंकों का 50 %
अ. पि. व. उम्मीदवार – प्रत्येक परीक्षा के कुल अंकों का 45 %
अ. जा/ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार – प्रत्येक परीक्षा के कुल अंकों का 40 %

च) प्रमाणपत्र सत्यापन को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले उम्मीदवारों को चरण-II में भाग लेने केलिए लघुसूचीगत किया जाएगा। उपरोक्त मद क के क्र.सं. 1 से 3 और 7 से 12 पदों केलिए योग्यता क्रम में एक पद के सामने 10 उम्मीदवारों के अनुपात में लघुसूची तैयार की जाएगी। क्र.सं. 4 से 6 के पदों केलिए, एक पद के सामने 6 उम्मीदवारों के अनुपात में उम्मीदवारों को चरण II केलिए लघुसूचीगत किया जाएगा। ऐसी लघुसूचीकरण केलिए, मेरिट सूची में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को भी योग्यता के साथ- साथ आरक्षण पद केलिए भी गिना जाएगा।

छ) कोविड़-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए चरण II (पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण), सीएसएल , कोच्ची या सीएसएल द्वारा तय किए गए किसी भी स्थान पर या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण उम्मीदवारों के कार्य अनुभव पर प्रकाश डालने केलिए दस मिनट से अधिक की अवधि का नहीं होगा।

ज) चरण I और चरण II में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर सभी चरणों में योग्य उम्मीदवारों की रैंक सूची तैयार की जाएगी। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा समान कुल अंक प्राप्त किए जाते हैं, तो वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा के शाखा संबंधी भाग में प्राप्त अंक, अंक सूची के क्रम को निर्धारित करने का आधार होंगे। उसके बाद टाई के मामले में, आयु में वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता का निर्णय किया जाएगा।

झ) ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर, सीएसएल को ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में आवेदकों द्वारा अपलॉड किए गए प्रमाणपत्रों के माध्यम से निर्धारित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने के आधार पर पदों केलिए आवेदनों की जांच करने और उम्मीदवारों को लघुसूचीगत करने का अधिकार है और केवल ऐसे लघुसूचीगत उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

ङ. **शर्तें:**

**क) आरक्षण**

(i) अजा/ अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी/ ईएसएम उम्मीदवारों केलिए लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन लागू करेंगे ।

(ii) अ.जा या अ.ज.जा. या अ. पि. व (गैर क्रीमी लेयर) से संबंधित आवेदक, आरक्षित रिक्तियों के सामने आवेदन करने केलिए राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध अद्यतन समुदाय प्रमाणपत्र* प्रस्तुत करना चाहिए जो तहसीलदार की पदवी से कम न हो, ऐसे न करने पर आरक्षित पदों पर उनकी उम्मीदवारी पर और श्रेणियों केलिए लागू अन्य रियायतों/छूट केलिए विचार नहीं किया जाएगा ।

(iii) ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को किसी भी निम्न प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध आय और संपत्ति प्रमाणपत्र* निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए । यह प्रमाणपत्र ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में ही स्वीकार किया जाएगा, जिसे चूकने पर उनकी उम्मीदवारी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण की ओर नहीं माना जाएगा:

- जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर/ उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट/ उप-विभागीय मजिस्ट्रेट/ तालुक मजिस्ट्रेट/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
- मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /प्रेसीडेसी मजिस्ट्रेट
- राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे का ना हो
- उप-विभागीय अधिकारी या वह क्षेत्र जहां उम्मीदवार और/ या उसका परिवार सामान्यतया रहता हो।

(iv) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में दिव्यांगजता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2017 के अनुसार, उम्मीदवारों के पास दिव्यांगजता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध दिव्यांगजता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

**ख) पदों केलिए बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए शारीरिक योग्यता**

| क्र. सं | पद का नाम | दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017 के खंड 2.2 के अनुसार बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणियां (पीडब्ल्यूबीडी) | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| (i) | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, पीपी, केसी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी |
| (ii) | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, एच, सी |
| (iii) | सहायक इंजीनियर (इंस्ट्रूमेंटेशन) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, पीपी, केसी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी |
| (iv) | सहायक इंजीनियर (वेल्डिंग) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, |

| क्र. सं | पद का नाम | दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017 के खंड 2.2 के अनुसार बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणियां (पीडब्ल्यूबीडी) | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| | | पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एसई |
| (v) | सहायक इंजीनियर (स्ट्रक्चरल) | खण्ड 2.2 (क, ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, बीएन, एल, एमएफ, एसई |
| (vi) | सहायक इंजीनियर (पाइप) | खण्ड 2.2 (क, ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, पीपी, एल, केसी, एमएफ, एसई, सी |
| (vii) | सहायक इंजीनियर (इंजीनियरिंग) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, एच, सी |
| (viii) | सहायक इंजीनियर (पेंटिंग) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, पीपी, केसी, एसई |
| (ix) | लेखाकार | खण्ड 2.2 (ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी |
| (x) | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | खण्ड 2.2 (क, ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, एसई, आरडब्ल्यू, एच, सी |
| (xi) | सहायक इंजीनियर (सूचना प्रौद्योगिकी) | खण्ड 2.2 (क, ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी | एस, एसटी, डब्ल्यू, एसई, आरडब्ल्यू, बीएन, एमएफ, सी |

डीओपीटी का.ज्ञा. 36035/02/2017- स्था (आरईएस) दि. 15.01.2018 में पीडब्ल्यूबीडी के श्रेणियों केलिए विवरण का संदर्भ लें। (कैरियर पृ.)

**संक्षेप में उपयुक्त:** एस- बैठना, एसटी- खड़ा होना, डब्ल्यू- चलना, बीएन- झुकना, एल- उठाना, केसी- नीलिंग और झुकाव, जेयू- कूदना, पीपी- खींचना और दबाना, एमएफ- उंगली चलाना, आरडब्ल्यू- पढ़ना और लिखना, एसई- देखना, एच - सुनना सी- कम्यूनिकेशन

**ग) <u>योग्यता:</u>**

(i) निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता, राज्य या केंद्र सरकार में एआईसीटीई या उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान या परीक्षा बोर्ड से होना चाहिए ।

(ii) क्र.सं. 1 से 9 और 11 से 12 तक के पदों केलिए, निर्धारित योग्यता के बिना आवेदक, लेकिन उच्च योग्यता जैसे बी.टेक, एमएससी आदि होने पर विचार महीं किया जाएगा।

(iii) आवेदकों को पदों केलिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन में योग्यता परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंको के ठीक प्रतिशत को भरना आवश्यक है। कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान / परीक्षा बोर्ड श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा : सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि) देते हैं। विश्वविद्यालय /संस्थान/ परीक्षा बोर्ड उम्मीदवारों की अंक सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ विश्वविद्यालय /संस्थान/ परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी

और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक प्रदान की गई नहीं है,अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा।

घ) <u>अनुभव:</u>

(i) **केवल उपर्युक्त मद I में निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किए अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। अनुभव की अवधि दि 20 दिसंबर 2021 से गिना जाएगा।**

(ii) शिक्षु अधिनियम 1961 के तहत उचित शाखा में शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को अनुभव के रूप में माना जाएगा। पारिश्रमिक के साथ किसी भी प्रशिक्षण को भी अनुभव के रूप में माना जाएगा । फिर भी, दो वर्ष के पर्यवेक्षी अनुभव की गणना केलिए प्रशिक्षण की अवधि की गणना नहीं की जाएगी।

(iii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनी या समतुल्य विदेशी कंपनी से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र मिलने पर ही चयन हेतु चयन प्रक्रिया केलिए सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा।**

(iv) आवेदक जो वर्तमान रूप में किसी कंपनी (निजी/ सार्वजनिक/ सरकारी) में काम कर रहे हैं, वे अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/ नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्रति, कार्य अनुभव के सबूत के रूप में हाल के वेतन पर्ची /अंतिम आहरित वेतन पर्ची की प्रति प्रस्तुत करना चाहिए। पिछले रोज़गार केलिए, कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्ति की तिथि को सूचित करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।** <u>प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताए अनुभव को स्थापित करने केलिए सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाना है, असफल होने पर आगे के चयन केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

(v) **कंपनी द्वारा लगाए गए ठेकेदारों (मालिकाना फर्मों और साझेदारी फर्मों) से प्राप्त कार्य अनुभव, ठेकेदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र पर मुख्य नियोक्ता के पृष्ठांकन के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसे आवेदकों को अनुभव प्रमाणपत्रों के साथ ईएसआई/ ईपीएफ आदि ब्यौरा जैसे प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। प्रधान नियोक्ता के समर्थन के बिना ठेकेदारों द्वारा जारी किए गए प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(vi) नियमित सरकारी सेवा या सरकारी स्वामित्ववाले औद्योगिक या अन्य समान संगठनों के उम्मीदवारों को आवेदन ऑनलाइन द्वारा सीधे प्रस्तुत करना चाहिए। हालांकि ऐसे उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र **(अनुलग्नक - I के अनुसार)** अपलॉड करना है कि उन्होंने अपने नियोक्ता को लिखित रूप में सूचित किया है कि वे एचसीएसएल की ओर से सीएसएल द्वारा अधिसूचित पदों केलिए आवदेन कर रहे है। यदि नियोक्ता से कोई भी आपत्ति प्राप्त होती है तो, ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(vii) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से जुडे उम्मीदवार के मामले में, उन्हें **सशस्त्र बल से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/ बुक/ पेशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि** प्रस्तुत करना है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में योग्यता अनुलेखित किया है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित ट्रेड में काम करने का अनुभव होना चाहिए। भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाण के साथ उसी के कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र में समतुल्यता या समर्थन के प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें), अनुभव प्रमाण के रूप में सशस्त्र बलों में उचित शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव को दर्शाने वाले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए और प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया के दौरान भी उसे

प्रस्तुत करना है। उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, जिसके प्रस्तुत करने में चूक होने पर उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(viii) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूतपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोजगार पर, सरकार में पुन: रोजगार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का. ज्ञा.सं.- 36034/27/84- स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90-स्था.(एससीटी) दिनांक 02.04.1992 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे,** कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।

(ix) आवेदकों को किए गए कार्यों और कर्तव्यों की प्रकृति, संबंधित कार्यों में संभाले गए दायित्वों को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए, साथ ही अधिसूचित पदों केलिए उनके ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय इसके प्रमाण में अनुभव प्रमाणपत्र को अपलोड किया जाना चाहिए।

**ङ) आवेदन शुल्क:**

(i) पद केलिए **ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग/ वॉलेट/ यूपीआई आदि) का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से ₹ 400/-रुपए (नावापसी, बैंक चार्ज सहित)** का आवेदन शुल्क प्रेषित किया जाना चाहिए, जो **दिनांक 27 नवंबर 2021 से 20 दिसंबर 2021 तक** प्रयोग किया जा सकता है। भुगतान की अन्य कोई रीति स्वीकार नहीं की जाएगी।

(ii) **अ जा/ अ ज जा/ बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।

(iii) सभी आवेदक जिन्हें आवेदन शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी व्यक्ति को छोडकर, उपर्युक्त खंड ङ (i) में निर्धारितानुसार भुगतान करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि केवल आवेदन शुल्क की रसीद पर ही उम्मीदवारी पर विचार की जाएगी।**

**च) आवेदन कैसे करें :**

(i) आवेदक वेबसाइट www.cochinshipyard.in (कैरियर पृष्ठ) पर जाएं और ऑनलाइन आवेदन केलिए दिए लिंक पर जाएं। आवेदन में दो चरण है- **पंजीकरण** और **आवेदन की प्रस्तुति।** उम्मीदवार एक ही पद केलिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकते। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

(ii) अधिसूचित आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आवेदक ऑनलाइन आवेदन पृष्ठ पर दिए गए निदेशों (एफएक्यू) के माध्यम से जा सकते है, पंजीकरण पूरा कर सकते हैं और हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.in (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए दिनांक 27 नवंबर 2021 से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

(iii) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। ऑनलाइन के माध्यम से अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के बाद आवेदन में दिए गए डेटा में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

(iv) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया ध्यान दें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।**

(v) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त किया जाएगा ।** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।

(vi) ***आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा सीएसएल/ एचसीएसएल को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।***

(vii) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए, वेबसाइट **दिनांक** 27 **नवंबर** 2021 **से** प्रकार्यात्मक रहेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 **दिसंबर** 2021 है। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें। ***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को अंतिम तिथि पर 1600 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

**छ) सामान्य:**

(i) **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

(ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा :- भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है :-

(क) जिसने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में नियमित या गैर योद्धा के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है, और

(i) जो या तो सेवानिवृत्त हो गया है या इस तरह की सेवा से अपने स्वयं के अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद कार्य मुक्त या सेवा मुक्त राहत हो गया हो; या

(ii) जो अपने नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थिति के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त हो गया है और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पैंशन से सम्मानित किया गया है; या

(iii) जो स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है;

(ख) जो कार्य की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है, अन्यथा उसके अनुरोध पर, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन किया गया है और उसे उपदान दी गई

है; और प्रादेशिक सेना के कर्मियों, अर्थात् निरंतर सन्निहित सेवा केलिए पेंशन धारक या अर्हकारी सेवा की खंडित अवधि शामिल है; या

(ग) डाक सेवा सेना के कर्मी जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और डाक सेवा सेना से सेवानिवृत्त हैं, पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा से परावर्तन के बिना डाक सेवा सेना से मुक्त कर दिए गए है या उनके नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थितियों के कारण या बढे हुए चिकित्सा आधार पर सेना के डाक सेवा सेना से मुक्त किए जाते हैं या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; /या

(घ) कार्मिकों, जो दिनांक 14 अप्रैल, 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक डाक सेवा सेना में प्रतिनियुक्ति पर थे; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं; या

(च) पूर्व सैनिक जो चिकित्सा के आधार पर भर्ती या मुक्त किए गए हो और चिकित्सा विकलांगता पेंशन प्राप्त हो।

(iii) सीएसएल को उनके आवेदन प्रपत्र में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल career@cochinshipyard.in द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा ।

(iv) लघुसूचीगत उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों को नियुक्ति के समय या सीएसएल द्वारा तय किए अनुसार किसी अन्य स्तर पर सत्यापित किया जाएगा। चुने गए आवेदकों की उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है, जो कार्यभार ग्रहण करते समय, आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन है। प्रमाणपत्र सत्यापन/ नियुक्ति के समय, यदि उपर्युक्त लघुसूचीगत उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल जाते हैं, या किसी भी स्थिति में उम्मीदवार द्वारा दिए गए विवरण गलत /असत्य पाए जाते हैं तो उम्मीदवार को चयन केलिए नहीं माना जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

(v) चरण I केलिए भाग लेने वाले उम्मीदवारों केलिए कोई यात्रा भत्ता नहीं प्रदत्त किया जाएगा। फिर भी सीएसएल में चरण II केलिए भाग लेने वाले अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को प्रमाण की प्रस्तुति पर अपने ऑनलाइन प्रपत्र में सूचित पते से कोचीन शिपयार्ड की ओर से सबसे छोटे मार्ग केलिए कंपनी के नियमानुसार पद केलिए ग्राह्य आगे- पीछे के रेल के स्लीपर / बस भाड़ा की पूतिपूर्ति की जाएगी। उम्मीदवारों को यात्रा प्रतिपूर्ति दावा करने केलिए **खाता संख्या और आईएफएससी कोड के साथ बैंक पासबुक** के पहले पृष्ठ की प्रति प्रस्तुत करना है और प्रमाणपत्र सत्यापन के समय योग्य प्रतिपूर्ति एनईएफटी द्वारा खाते में क्रेडिट की जाएगी। केवल उपर्युक्त विवरण प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। फिर भी, प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी अधिसूचित पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो, उसे चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही कोई यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

(vi) **अपात्रता के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबन्ध में पत्राचार पर नहीं विचार किया जाएगा।**

(vii) बुलावा पत्रों को डाक द्वारा लघुसूचीगत उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा। उन्हें ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.in द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची

एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि चयन से संबंधित अद्यतन केलिए उपरोक्त वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) को बारंबार देखें।

(viii) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

(ix) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो, तो जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी।

(x) नियुक्ति केलिए लघुसूचीगत उम्मीदवार को सीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा जांच करना होगा । ऐसी चिकित्सा जांचों की रिपोर्ट सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच किया जाएगा और सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापन करने के अधीन है।

(xi) सीएसएल, सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले ही कार्यरत किसी उम्मीदवार के पिछले रोज़गार के वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी देयता को नहीं संभालेगा।

(xii) प्रतीक्षा सूची सभी पदों हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से रैंक सूची की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता, अवधि, अंतिम उम्मीदवार की रिपोर्टिंग की तारीख से 18 महीने तक होगी, जब तक कि उसी पद केलिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में निर्दिष्ट रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(xiii) अनुच्छेद क में सूचित पदों की संख्या वर्तमान आवश्यकता पर आधारित है और परियोजना की आवश्यकताओं के आधार पर अलग-अलग होगी। रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को सीएसएल के विवेकाधिकार पर उस रैंक सूची से भरा जाएगा।

(xiv) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद सीएसएल को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। सीएसएल को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

(xv) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

(xvi) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि केलिए संरक्षित किया जाएगा।

(xvii) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(xviii) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

(xix) किसी भी तरह के स्पष्टीकरण केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.in के ज़रिए संपर्क करें।

**च. महत्वपूर्ण तिथियां :**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ** | : | **27 नवंबर 2021** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | : | **20 दिसंबर 2021** |

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**
**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

**ह/-**
**महाप्रबंधक (मा.सं.)**